JAI MAA SARASWATI CLASSES RAISINGHNAGAR

Weekly GK Dose

प्रिय विद्यार्थियों,

एक आशावादी व्यक्ति हमेशा ही अपनी सफलता के रास्ते खुद तैयार करता है | जीवन मे परिवर्तन को स्वीकार करना अपने आप मे एक बहुत बड़ा गुण होता है जो व्यक्ति परिवर्तन को सहर्ष स्वीकार करता है तथा एक आशावादी नजरिए से उस परिवर्तित पथ पर मंजिल के खोज करने निकाल पड़ता है वही व्यक्ति वास्तव मे अपने जीवन को सही अर्थो मे एक सजीव आकार दे रहा है वरना सारी दुनिया बस एक दूसरे को देखकर (नकल करके) जी रही है|

परिवर्तन का यह दौर bank प्रतियोगी परीक्षाओ की राह मे भी आ रहा है| वर्तमान मे IBPS PO/MT -VI की vacancy आई हुई है इस संदर्भ मे संबन्धित विज्ञप्ति www.ibps.in पर उपलब्ध है| सभी विद्यार्थियो को JMS TEAM की तरफ से यही सलाह है कि पिछले कुछ समय से परीक्षा के स्तर मे हो रहे बदलाव को बिलकुल भी हल्के मे न ले एवं latest पैटर्न के अनुसार ही तैयारी करे| उच्च स्तर के प्रश्नो के लिए निरंतर www.jmsclasses।com पर visit करते रहे| हम हर कदम पर आपके साथ है| शुभकामनाओं सहित,

JMS-TEAM

SUCCESS

सभी के जीवन में एक समय ऐसा आता है जब सभी चीज़ें आपके विरोध में हो रहीं हों | चाहें आप एक प्रोग्रामर हैं या कुछ और, आप जीवन के उस मोड़ पर खड़े होता हैं जहाँ सब कुछ ग़लत हो रहा होता है| अब चाहे ये कोई सॉफ्टवेर हो सकता है जिसे सभी ने रिजेक्ट कर दिया हो, या आपका कोई फ़ैसला हो सकता है जो बहुत ही भयानक साबित हुआ हो |

लेकिन सही मायने में, विफलता सफलता से ज़्यादा महत्वपूर्ण होती है | हमारे इतिहास में जितने भी बिजनिसमेन, साइंटिस्ट और महापुरुष हुए हैं वो जीवन में सफल बनने से पहले लगातार कई बार फेल हुए हैं | जब हम बहुत सारे कम कर रहे हों तो ये ज़रूरी नहीं कि सब कुछ सही ही होगा| लेकिन अगर आप इस वजह से प्रयास करना छोड़ देंगे तो कभी सफल नहीं हो सकते |

समस्या को हल करने की तुलना मे अधिकतर लोग ज्यादा समय और ताकत उस से जूझने मे लगा देते है !

1. नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने से पहले ही दिया इस्तीफा

अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही नेपाल के प्रधानमंत्री पद से केपी ओली के इस्तीफे के बाद देश में राजनीतिक संकट एक बार फिर गहरा गया है। गठबंधन सरकार से माओवादियों द्वारा समर्थन वापस ले लिए जाने के बाद ओली अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे थे।

2. भारत ने दिया UN ट्रस्ट फंड में अंशदान

भारत ने शांतिरक्षकों द्वारा यौन शोषण की शिकार पीड़ितों हेतु बनाए गए ट्रस्ट फंड में एक लाख अमेरिकी डॉलर का अंशदान भी किया है। इस तरह के कोष को धन देने वाला भारत पहला देश है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियान में भारत ने बड़े पैमाने पर अपना सैनिक योगदान दिया है।

3. सतत विकास सूचकांक में भारत 110वें स्थान पर

भारत सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने के मामले में पीछे है और इस सूचकांक में वह 149 देशों में 110वें स्थान पर है। भारत 110वें स्थान पर जबकि लेसोथो 113वें, पाकिस्तान 115वें, म्यामांर 117वें, बांग्लादेश 118वें और अफगानिस्तान 139वें स्थान पर है। इस सूचकांक में स्वीडन पहले स्थान पर है, जिसके बाद डेनमार्क और नॉर्वे तीन शीर्ष स्थानों पर हैं। सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक और लाइबेरिया इस सूचकांक में सबसे निचले स्थान पर हैं और अमेरिका सूचकांक में 25वें स्थान पर है जबकि रूस 47वें स्थान पर है। सतत विकास समाधान नेटवर्क (एसडीएसएन) और बर्टल्समैन स्टिफटंग ने नया सतत विकास सूचकांक पेश किया ताकि सतत विकास लक्ष्य की प्रगति का आकलन हो सके और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो।

4. रोजर एलिस ने फॉक्स समाचार चैनल से इस्तीफा दिया

रोजर एलिस ने फॉक्स समाचार चैनल के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद से इस्तीफा दिया। 21st सेंचुरी फॉक्स के प्रमुख रुपर्ट मुर्डोक उनका स्थान लेंगे। हालांकि, एलिस रुपर्ट मुर्डोक के अनौपचारिक सलाहकार के रूप में कार्य करते रहेंगे।

5. केरल में देश की पहली वाटर मेट्रो लांच

केरल सरकार ने कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना, जो देश की पहली वाटर मेट्रो परियोजना है, शुरू की है। इसे केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने कोच्चि, केरल में शुरू किया। इस परियोजना के जरिये कोच्ची शहर को आस पास के क्षेत्रों से जल मार्ग से जोडा जायेगा।

परियोजना की लागत करीब 747 करोड रुपये है। इसे कोच्ची मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा जर्मन डवलपमेंट बैंक के सहयोग से पूरा किया जायेगा।

6. तमिलनाडु में देश का पहला ग्रीन रेल कॉरिडोर शुरू

देश का पहला ग्रीन रेल कॉरिडोर तमिलनाडु में शुरू किया गया। 114 किलोमीटर लंबी रामेश्वरम-मानामदुरै रेल लाइन का रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने यहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इसका उद्घाटन किया। रूट पर चलने वाली 286 कोचों वाली 10ट्रेनें बायो-टॉयलेट से सुसज्जित होंगी जिससे रेल लाइन जीरो टॉयलेट डिस्चार्ज यानी टॉयलेट की गंदगी मुक्त होगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय रेलवे के सभी टॉयलेट को बायो-टॉयलेट में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। सितंबर 2016 तक यह लक्ष्य हासिल कर लिया जायेगा।

7. केरल सरकार ने टीकाकरण पर राज्य तकनीकी सलाहकार समूह का गठन किया

केरल राज्य सरकार ने टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह की तर्ज पर टीकाकरण पर एक राज्य तकनीकी सलाहकार समूह का गठन किया है। यह समूह राज्य सरकार को जिन नीतियों और प्रथाओं को अपनाना और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत लागू किया जाना होगा, उन पर सलाह देगा। समूह राज्य के टीकाकरण प्रयासों में तकनीकी और शैक्षणिक जानकारी और नेतृत्व प्रदान करेगा। इसके अध्यक्ष और सह अध्यक्ष के रूप में क्रमश: चिकित्सा शिक्षा के निदेशक तथा स्वास्थ्य सेवा के निदेशक होंगे। अध्यक्ष और सह अध्यक्ष के अलावा, इसके ग्यारह सदस्य होंगे।

8. बीएसएफ-बीजीबी सीमा समन्वय बैठक शुरू

सीमा पर मौजूद समस्याओं को सुलझाने के लिए सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच तीन दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। यह जानकारी बीएसएफ के अधिकारियों ने दी है। ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हबीबउल करीम के नेतृत्व में बीजीबी का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अखौरा चेकपोस्ट के जरिए यहां पहुंचा। समस्याओं की पहचान के लिए और उन्हें सुलझाने के लिए 'सीमा समन्वय बैठक' एक नियमित काम है। बीएसएफ के त्रिपुरा फ्रंटियर के आईजी जे बी सांगवान इस बैठक में बीएसएफ के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

9. सुगम्य भारत के लिए 'राइड फॉर एक्सेसिबिलिटी' मोटरसाइकिल रैली

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियानों के तहत 24 जुलाई, 2016 को दिल्ली में 'राइड फॉर एक्सेसिबिलिटी' मोटरसाइकिल रैली आयोजित की गई। इस रैली को मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर और विज्ञान तथा प्रौद्योगकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने इंडिया गेट से झंडी दिखाकर रवाना किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद गहलोत ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रैली में लगभग 500 युवा पुरूष और महिला मोटरसाइकिल चालक शामिल हुए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग पर्यावरण, सार्वजनिक परिवहन और सूचना एवं जन संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), पारिस्थितिकी तंत्र में सार्वभौमिक सुगम्यता बनाने के लिए सुगम्य भारत अभियान चला रहा है। विभिन्न राज्यों के नागरिकों को शामिल कर इस अभियान को जन आंदोलन बनाने और दिव्यांगजनों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने तथा सुगम्यता की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

10. मोदी ने गोरखपुर में उर्वरक संयंत्र, एम्स का शिलान्यास किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां एक उर्वरक संयंत्र के पुनरद्धार और अखिल भारतीय आयुर्विग्यान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए शिलान्यास किया। मंत्रिमंडल ने हाल ही में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 1,011 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाले इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

11. कर्नाटक बैंक ने 'सौर प्रकाश छात्रवृत्ति' पहल लांच की

कर्नाटक बैंक लिमिटेड ने ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-विद्युतीकृत घरों में सोलर लाइट उपलब्ध कराने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। पहल कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत मणिपाल स्थित गैर सरकारी संगठन भारतीय विकास ट्रस्ट (BVT) के सहयोग से शुरू की गई है। पहल को 'सौर प्रकाश छात्रवृत्ति' नाम दिया गया है तथा यह उन छात्रों के लिये है जिनके घर पर बिजली का कनेक्शन नहीं है।

12. एचडीएफसी एर्गो तथा एसवीसी बैंक ने बैंकएश्योरेंस एजेंसी भागीदारी की घोषणा की

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी तथा शामराव विट्ठल को-आपरेटिव (एसवीसी) बैंक ने बैंकएश्योरेंस एजेंसी भागीदारी की घोषणा की। यह गठजोड़ बैंक के ग्राहकों को गैर-जीवन बीमा पेशकश की श्रृंखला उपलब्ध कराएगा। इसके तहत एचडीएफसी एर्गो एसवीसी के ग्राहकों के लिये गैर जीवन बीमा उत्पाद लांच करेगा। नई दिल्ली में मुख्यालय वाले एसवीसी बैंक की 10 राज्यों में 194 शाखाएं है जबकि मुंबई में मुख्यालय वाले एचडीएफसी एर्गो की 89 शहरों में 109 शाखाएं है।

13. एनडीएमसी ने 12 एसटीपी विकसित करने के लिए नीरी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 12 सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) विकसित करने के लिए राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना से एनडीएमसी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने और धूल प्रदूषण पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। एनडीएमसी केवल पम्पिंग लागत वहन करेगा जबकि नीरी परियोजना की लागत वहन करेगा। इन सभी प्लांट्स को सभी पार्कों से जोड़ा जाएगा जिससे बागवानी विभाग को पार्कों को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए में मदद मिलेगी।

14. कॉरपोरेशन बैंक ने 'ग्रीन पिन' सुविधा की शुरुआत की

कॉरपोरेशन बैंक ने 'ग्रीन पिन' नामक एक नई सुविधा शुरू की है। यह क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए व्यक्तिगत पहचान संख्या (पिन) जनरेट करने के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल है। पिन व्यापारिक प्रतिष्ठान पर सभी पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल लेन-देन के लिए अनिवार्य है। भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष एस के रॉय ने सुविधा का शुभारंभ किया।

15. केंद्र सरकार ने गंगा नदी का ड्राफ्ट बिल तैयार करने हेतु समिति का गठन किया

सरकार ने तक गंगा नदी मसौदा विधेयक तैयार करने हेतु एक समिति का गठन किया है। सेवानिवृत न्यायाधीश गिरीधर मालविय को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसमें साफ-सफाई और गंगा के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने का प्रावधान होगा।

16. जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन सुधारों हेतु न्यायिक पैनल गठित

ओडिशा सरकार ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के कामकाज का अध्ययन करने के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। एक सदस्यीय आयोग सेवानिवृत्त उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विमल प्रसाद दास की अध्यक्षता में काम करेगा। वह श्री जगन्नाथ मंदिर के सुचारू प्रबंधन और जगन्नाथ संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए सुधारों की सिफारिश करेंगे। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को पूरा करने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। मंदिर सुरक्षा, पुजारियों का व्यवहार, रीति-रिवाज को व्यवस्थित बनाने और 12 वीं सदी के मंदिर के संरक्षण जैसे प्रमुख मुद्दों को आयोग कवर करेगा।

17. गणेश सिंह भूमि अधिग्रहण विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य गणेश सिंह को भूमि अधिग्रहण विधेयक संयुक्त समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोकसभा सदस्य गणेश सिंह पूर्व अध्यक्ष एस एस अहलूवालिया का स्थान लेंगे। एस एस अहलूवालिया को 5 जुलाई 2016 में हुए फेरबदल में संसदीय कार्य राज्य मंत्री बनाया गया है। गणेश सिंह लोकसभा में पैनल के कार्यकाल के सातवें विस्तार की मांग सम्बन्धी प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

18. केरल पर्यटन ने दो पाटा पुरस्कार हासिल किए

केरल पर्यटन ने पेसिफिक एशिया ट्रेवल एसोसिएशन (पाटा) पुरस्कारों में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। केरल पर्यटन को ये पुरस्कार लीक से हट कर शुरू किए गए उसके अभिनव अभियानों के लिए मिले हैं। केरल पर्यटन को मार्केटिंग मीडिया में 'ट्रेवल एडवरटाइजमेंट ब्राडकास्ट मीडिया' की श्रेणियों में तथा 'ई - न्यूज़लेटर' में दो स्वर्ण पदक मिले। ये पदक क्रमश: सफल 'विजिट केरल' टेलीविजन प्रसारण अभियान तथा लोकप्रिय केरल टूरिज्म ई - न्यूज़लेटर के लिए दिए गए। ये पुरस्कार जकार्ता, इंडोनेशिया में 9 सितंबर को होने वाले पाटा गोल्ड पुरस्कार लंच और प्रस्तुति के दौरान दिए जाएंगे।

19. बप्पी लाहिडी गौतम घोष 'महानायक पुरस्कार' से सम्मानित

मशहूर संगीत निर्देशक व गायक बप्पी लाहिडी तथा फिल्मकार गौतम घोष को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'महानायक पुरस्कार' से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उत्तम कुमार की 36वीं बरसी पर दिया गया। यह पुरस्कार बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार, जिन्हें बंगाल में 'महानायक' के नाम से जाना जाता था, की याद में 2012 में स्थापित किया गया था। इन दोनों के अलावा अभिनेता-निर्देशक कौशिक गांगुली को भी सम्मानित किया गया।

20. नीरज चोपड़ा ने जेवलिन का विश्व रिकॉर्ड बनाया

पोलैंड के बिगोश्च्ट में चल रही अंडर 20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज ने 86.48 मीटर भाला फेंका जो इस कैटेगरी में नया विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा से पहले ये रिकॉर्ड लात्विया के ज़िगिमुंड्स सीर्यमस के नाम था जिन्होंने 84.69 मीटर भाला फेंक कर रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले उन्होनें गुवाहाटी में दक्षिण एशियाई खेलों में 82.23 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता है।

21. मशहूर चित्रकार एस एच रजा का निधन

भारतीय चित्रकार सैयद हैदर रजा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 94 साल के थे।वह पिछले दो महीने से एक अस्पताल में आईसीयू मे थे। सैयद हैदर रजा पदमश्री और वर्ष 1983 में ललित कला अकादमी की फेलोशिप से भी नवाजे गए थे।

22. एरिक्सन के सीईओ हेन्स वेस्टबर्ग का ईस्तीफा

एरिक्सन के सीईओ हेन्स वेस्टबर्ग ने कम्पनी के अध्यक्ष व सीईओ के पद तथा निदेशक मंडल की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

मुख्य वित्तीय अधिकारी जेन फ्रायखम्मर को कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया है ,जब तक की कंपनी वेस्टबर्ग के उत्तराधिकारी की खोज करती है। वेस्टबर्ग के इस्तीफे की मुख्य वजह अप्रैल में आये तिमाही नतीजे हैं जिनमें कंपनी के शेयर की कीमत एक ही दिन में 15 प्रतिशत कम हो गई।

23. ब्रहमपुत्र फिल्म समारोह-2016 गुवाहाटी में आरंभ

ब्रहमपुत्र फिल्म समारोह का चौथा संस्करण असम स्थित गुवाहाटी में आरंभ हुआ। यह समारोह इस क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति को श्रद्धांजलि प्रदान करता है तथा यह इस क्षेत्र में फिल्मों से जुड़े लोगों को समर्पित समारोह है। इस समारोह में मणिपुर, असम, मिजोरम एवं अरुणाचल प्रदेश की छह लघु फ़िल्में तथा छह दीर्घ अवधि की फ़िल्में दिखाई जायेंगी। यह समारोह तत्व क्रिएशन्स द्वारा आयोजित किया जाता है। इस समारोह का उद्देश्य यहां के बेहतरीन कथाकारों को मंच प्रदान करना तथा उन्हें मुख्य धारा में शामिल करना है।

24. टेलिकॉम कम्पनी वेरीज़ोन कम्यूनिकेशन ने याहू का अधिग्रहण किया

अमेरिका की टेलिकॉम कम्पनी वेरीज़ोन कम्यूनिकेशन ने दिग्गज कम्पनी याहू का अधिग्रहण किया। वेरीज़ोन ने याहू का 4.83 अरब डॉलर(32000 करोड) में अधिग्रहण किया। याहू का विलय एओएल में होगा। वेरीज़ोन ने इसे बीते साल खरीदा था। चीन की फर्म अलीबाबा में याहू की जो हिस्सेदारी है, वो इस सौदे में शामिल नहीं है। साल 2008 में माइक्रोसॉफ्ट ने याहू को 44 अरब डॉलर की पेशकश की थी। वहीं डॉट कॉम बूम के दौरान याहू की कीमत 125 अरब डॉलर आंकी गई थी। मौजूदा सौदे की कीमत उससे काफी कम है।

25. स्विफ्ट की वैश्विक भुगतान पहल का हिस्सा बने आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक

आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक वैश्विक भुगतान क्षेत्र की अग्रणी कंपनी स्विफ्ट की वैश्विक भुगतान नवोन्मेषी पहल का हिस्सा बनने वाले पहले घरेलू बैंक हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर 70 बैंक पहले से इस पहल का हिस्सा हैं। इस पहल का उद्देश्य सीमा पार भुगतान है। प्रथम चरण में बिजनेस टू बिजनेस भुगतान पर फोकस किया जायेगा। इस पहल के तहत उसी दिन भुगतान, पारदर्शिता, भुगतान की ट्रेकिंग, भुगतान सूचना जैसे फीचर्स उपलब्ध कराये जायेंगे।

26. BOB, PNB और HDFC बैंक पर रिजर्व बैंक ने लगाया जुर्माना

रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही पंजाब नैशनल बैंक पर भी 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया गया है। रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर अपने 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) और मनी लॉन्ड्रिंग रोधक नियमों में खामियों के लिए 2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर पिछले साल अक्टूबर में सामने आए 6,100 करोड़ रुपये के घोटाले में अनियमितता के लिए 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

27. टीसीएस भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की सबसे बड़ी नियोक्ता कम्पनी

नैसकॉम के अनुसार टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की सबसे बड़ी नियोक्ता कम्पनी है। इसके बाद इन्फोसिस, कॉग्निजेंट और विप्रो का स्थान है। नेशनल एसोशिएसन ऑफ सॉफ्टवेयर एन्ड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) के अनुसार टीसीएस सभी आईटी कंपनियों से आगे है तथा इसके पास कुल 362,079 कर्मचारी है। जिनमें 33.8 % महिलाएं है। इंफोसिस दूसरे स्थान पर है जिसके पास कुल 197,050 कर्मचारी है।

28. केंद्र सरकार ने गंगा नदी की सफाई के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु समिति का गठन किया

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने गंगा नदी की गाद निकालने के लिए दिशा निर्देश तैयार करने हेतु एक समिति का गठन किया है। माधव चिताले, (विशेषज्ञ सदस्य एनजीआरबीए) को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति भीमगौडा (उत्तराखंड) से लेकर फरक्का (पश्चिम बंगाल) तक गंगा नदी की गाद निकालने के लिए दिशा निर्देश तैयार करेगी।

29. मीनाक्षी लेखी लोकसभा विशेषाधिकार समिति की अध्यक्ष नियुक्त

भाजपा नेता और सांसद मीनाक्षी लेखी को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वे एसएस अहलुवालिया की जगह लेगी जिन्होनें 18 जुलाई को इस्तीफा दिया था। मंत्री बनाए जाने के बाद अहलुवालिया ने 18 जुलाई 2016 को इस पद से इस्तीफा दे दिया।

30. बुद्ध लक्ष्मी मणी राष्ट्रीय संग्रहालय महानिदेशक नियुक्त

प्रख्यात पुरातत्ववेदा बुद्ध लक्ष्मी मणी को अगले तीन साल या 70 वर्ष की आयु तक राष्ट्रीय संग्रहालय की महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह 2015 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक के पद से सेवानिवृत हुए थे। वर्ष 2003 में उन्होनें विवादित रामजन्मभूमी - बाबरी मस्जिद उत्खनन में निरीक्षक का कार्य किया था।

31. आईटीसी ने संजय पुरी को मुख्य ऑपरेटिंग ऑफिसर नियुक्त किया

प्रमुख घरेलु उत्पाद निर्माता आईटीसी ने संजय पुरी को मुख्य ऑपरेटिंग ऑफिसर नियुक्त किया है। 6 दिसंबर को आईटीसी ने पुरी को पी डोभाले की जगह एफएमसीजी बिजनेस का निदेशक बनाया था। निर्देशक के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले, पुरी दिसंबर 2014 से एफएमसीजी कारोबार के अध्यक्ष थे जिसमे सिगरेट, खाद्य पदार्थ, व्यक्तिगत देखभाल, शिक्षा और स्टेशनरी उत्पाद, माचिस और अगरबत्ती शामिल हैं। संजय पुरी ने 1986 में आईटीसी ज्वॉइन की थी।

32. मशहूर वायलिन वादक कन्याकुमारी को मिलेगा 'संगीता कलानिधि' पुरस्कार

चेन्नई की संगीत अकादमी ने बहुमुखी वायलन वादक कुमारी ए. कन्याकुमारी को अपने प्रतिष्ठित संगीता कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। वह इस अकादमी के इतिहास में यह पुरस्कार प्राप्त करने जा रहीं पहली महिला वायलन वादक हैं।

15 दिसंबर से एक जनवरी, 2017 तक होने वाले इस संगीत अकादमी के 90वें वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। उसी दिन उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आन्ध्रप्रदेश की ए. कन्याकुमारी ने शुरुआती प्रशिक्षण इवातुरी विजयेश्वर राव से लिया था।

33. पहलवान नरसिंह यादव डोप टेस्ट में फेल हुए

रेसलिंग में भारत से इकलौता कोटा हासिल करने वाले 74 किलो फ्रीस्टाइल पहलवान नरसिंह यादव नाडा द्वारा कराए गए डोप टेस्ट पास करने में नाकाम रहे। रियो ओलंपिक में उनकी भागीदारी भी खतरे में पड़ गई है। विश्व चैम्पियनशिप के जरिए कोटा हासिल करने वाले नरसिंह के दो सैम्पल जिनमे बी नमूने भी सम्मिलित है में प्रतिबंधित स्टेरायड के अंश पाए गए हैं। सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केन्द्र में नरसिंह यादव का डोप टैस्ट किया था। दोषी पाये जाने पर उन पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है।

34. फेलिसियानो लोपेज ने स्विस ओपन गेस्टाड 2016 का खिताब जीता

स्पेन के फेलिसियानो लोपेज ने डच खिलाड़ी रोबिन हासे को फाइनल मुकाबले में हराकर स्विस ओपन गेस्टाड टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। फेलिसियानो ने रोबिन को 6-4, 7-5 से मात दी। यह क्ले पर लोपेज का पहला तथा कुल पांचवा खिताब है।

फेलिसियानो लोपेज एक पेशेवर टेनिस खिलाडी है। मार्च 2015 में वे विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे जो कि उनकी सर्वश्रेष्ठ थी।

35. लुईस हैमिल्टन ने हंगरी ग्रां प्री का खिताब जीता

तीन बार के विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने निको रोसबर्ग को हराते हुए हंगरी ग्रां प्री फॉर्मूला वन रेस जीत ली। इसके साथ ही मर्सिडीज के इस ड्राइवर ने ड्राइवर्स चैंपियनशिप में अपने साथी निको रोसबर्ग पर छह अंकों की बढ़त बना ली। तीसरे स्थान पर रहने वाले रेडबुल के डेनियल रिकार्डो 115 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। फेरारी के सेबेस्टियन वेटल चौथे और रेडबुल के मैक्स पांचवें स्थान पर रहे।

36. उसेन बोल्ट ने लंदन एनिवर्सरी गेम्स में 200 मीटर का स्वर्ण पदक जीता

उसेन बोल्ट ने ओलंपिक से पहले अपनी फिटनेस साबित करते हुए लंदन एनिवर्सरी गेम्स में 200 मीटर का स्वर्ण पदक जीता।

बोल्ट ने अपनी पहली प्रतिस्पर्धी 200 मीटर रेस में 19.89 सेकेंड का समय लिया। पनामा के अलोंसो एडवर्ड सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.04 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता ब्रिटेन के एडम गेमिली 20.07 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

37. पूर्व भारतीय फुटबालर मार्टो ग्रेसियस का निधन

पूर्व भारतीय फुटबाल खिलाड़ी मार्टो ग्रेसियस का दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। उन्होंने मलेशिया के कुआलालम्पुर में 1967 मर्डेका कप के लीग मैच में हांगकांग के खिलाफ चार गोल किये जिससे भारत ने 4-0 से जीत दर्ज की थी। वे संतोष ट्रॉफी में मुंबई व गोवा दोनों के लिये खेल चुके हैं।

38. 26 जुलाई: करगिल विजय दिवस

करगिल के युद्ध नायकों के सम्मान में 26 जुलाई को विजय दिवस मनाया जाता है। इसी दिन 1999 में भारतीय सशस्त्र बलों ने करगिल में भारतीय चौकी पाकिस्तानी घुसपैठियों से छीनकर उस पर फिर से अपना नियंत्रण स्थापित किया था। यह दिवस जम्मू और कश्मीर के द्रास और दिल्ली में मनाया गया जहां विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

39. सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को अगस्त में लागू किया जायेगा

केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के लिए संशोधित वेतनमान की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक अगस्त से केंद्रीय कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के कर्मचारियों के मूल वेतन में 23.55 प्रतिशत वृद्धि होगी। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.02 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा जो जीडीपी का 0.7 गुना है। केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की न्यूनतम आय 7000 रुपये से बढ़कर 18,000 रुपये हो जाएगी जबकि अधिकतम आय 90 हजार रुपये से बढ़कर 2.5 लाख रुपये हो जाएगी।

40. कर्नाटक में स्टार्टअप को समर्पित सेल शुरू

कर्नाटक सरकार ने अपनी स्टार्ट-अप पॉलिसी पहल के कार्यान्वयन को तेज करने के लिए एक समर्पित स्टार्ट-अप सेल खोली है। देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी सरकार ने स्टार्टअप के लिये समर्पित सेल खोली है। इसके तहत साल 2020 तक 22000 नये स्टार्टअप शुरू किये जायेंगे जिनमें 6000 उत्पाद आधारित स्टार्टअप होंगे।

41. वोडाफोम एम पैसा ने पंजाब पावर के साथ समझौता किया

वोडाफोन एम-पैसा, एक मोबाइल फोन आधारित मनी ट्रांसफर सेवा, ने उपभोक्ताओं को अपने बिजली के बिल का भुगतान तुरन्त करने के लिए पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के साथ करार किया है। वोडाफोन एम-पैसा अपने ग्राहकों को बिजली के बिलों के भुगतान के लिये एक कैशलैस व सुरक्षित प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। एम-पैसा एक मोबाइल फोन आधारित मनी ट्रांसफर, वित्त पोषण और सूक्ष्मवित्त सेवा है, जिसे वोडाफोन द्वारा 2007 में शुरू किया गया था।

42. मिंट्रा ने ग्लोबल फैशन ग्रुप से जबॉन्ग का अधिग्रहण किया

फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाली कंपनी मिंट्रा ने कहा कि उसने अघोषित राशि में ग्लोबल फैशन ग्रुप से जबॉन्ग का अधिग्रहण किया है। इस पहल से भारत में तेजी से बढ़ती ई-कॉमर्स इंडस्ट्री को और मजबूती मिलेगी। जबोंग अधिग्रहण के तैयार थी तथा इस विषय में वह फ्यूचर ग्रुप, स्नैपडील, अबोफ जैसी कंपनियों से चर्चा कर रही थी।

43. धोनी क्रेग मैकडरमॉट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी के ब्रांड एंबेसडर बने

भारत के टी20 और वनडे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को क्रेग मैकडरमॉट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। क्रेग मैकडरमॉट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ऑस्ट्रेलिया में अत्याधुनिक निजी क्रिकेट और शैक्षणिक खेल अकादमी है। धोनी ने कहा कि वह इसका हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि इससे उन्हें भारत और ऑस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटरों से मिलकर उन्हें सलाह देने का मौका मिलेगा।

44. शॉट पुट खिलाड़ी इंद्रजीत सिंह रियो से पहले डोप टेस्ट में फेल हुए

भारत के गोला फेंक (शॉट पुट) खिलाड़ी इंद्रजीत सिंह भी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाए गए। इससे पहले 74 किलो फ्रीस्टाइल पहलवान नरसिंह यादव डोप टेस्ट में फेल पाए गए। रियो ओलंपिक शुरू होने से पहले का यह दूसरा बड़ा खिलाड़ी है। नाडा के अनुसार वह अपना 'बी' सैम्पल टेस्ट करवाना चाहते हैं, तो उन्हें सात दिन के मध्य कराना होगा। यदि 'बी' सैम्पल भी पॉज़िटिव रहा तो वाडा की नई आचार संहिता के तहत इंद्रजीत पर 4 साल का प्रतिबंध मुमकिन है। इंदरजीत उन खिलाड़ियों में से है जिसने राष्ट्रीय शिविरों में अभ्यास नहीं किया। वह अपने निजी कोच के साथ अभ्यास करता है।

45. पूर्व राजनयिक अरुंधति घोष का निधन

पूर्वराजनयिक अरुंधति घोष की लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 76 वर्ष की थी। उन्होंने परमाणु प्रतिबंध संधि समझौता वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। वह कैंसर से पीड़ित थीं और उन्होंने पश्चिम दिल्ली के पालम विहार में अपने आवास पर अपराह्न साढ़े बारह बजे के करीब आखिरी सांसें लीं। अपने कॅरियर में घोष ने ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया और मिस्र में भारतीय मिशन समेत कई पदों पर काम किया। वह जिनिवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में भारत की पहली स्थायी प्रतिनिधि भी थीं। घोष 1996 में जिनिवा में सीटीबीटी पर सम्मेलन मे भारतीय प्रतिनिधिमंडल की प्रमुख थीं।

46. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ब्राजिल को खसरा मुक्त घोषित किया

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ब्राज़ील को खसरा मुक्त देश घोषित किया। डब्ल्यूएचओ द्वारा यह कदम देश में 2015 के दौरान कोई मामला न आने पर उठाया गया। वर्ष 1985 से 2000 तक ब्राज़ील में खसरे का कोई मामला सामने नहीं आया, हालांकि वर्ष 2013 में देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में इसके कुछ मामले सामने आये थे। डब्ल्यूएचओ ने पैन-अमेरिकन हेल्थ आर्गेनाईजेशन (पीएएचओ) के साथ मिलकर इस बीमारी को समाप्त करने हेतु देश में अभियान चलाया था। इसमें दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से 335000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि खर्च की गयी। स्वास्थ्य संगठन ने इसके लिए 165 नर्सिंग स्टाफ की भर्ती भी की। डब्ल्यूएचओ ब्राज़ील से खसरे के उन्मूलन हेतु एक प्रमाण-पत्र जारी करेगी।

47. सीएसआईआर विश्व के सर्वश्रेष्ठ सरकारी संस्थानों में 12वें स्थान पर

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को विश्व में सरकारी संस्थानों में 12वां स्थान प्राप्त हुआ है। पिछले लगातार तीन सालों से यह 14 वें स्थान पर था। प्रतिष्ठित सिमागो संस्थान रैंकिंग की 2016 की रिपोर्ट में सीएसआईआर को यह स्थान प्राप्त हुआ है। सीएसआईआर की समग्र वैश्विक रैंकिंग में भी में सुधार हुआ है और यह 110 वें स्थान से 99 वें स्थान पर पहुंचा है। सीएसआईआर देश में शीर्ष स्थान पर है और यह भारत का ऐसा एकमात्र संगठन है जिसे विश्व के शीर्ष 100 वैश्विक संस्थानों के बीच स्थान मिला है। सिमागो रैंकिंग शैक्षणिक और अनुसंधान से संबंधित संस्थानों का एक वर्गीकरण है। जिसमें अनुसंधान प्रदर्शन, नवाचार, उत्पादन और सामाजिक प्रभाव के सूचकांको के विभिन्न सेटों को मिलाकर मूल्यांकन किया जाता है।

48. जम्मु-कश्मीर में हिमायत कार्यक्रम के लिये 1601 करोड़ मंजूर

केंद्र सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर में कौशल विकास योजना 'हिमायत' हेतु 1601 करोड़ रुपये की धनराशि को मंज़ूरी प्रदान की। इस राशि का उपयोग 1.24 लाख स्थानीय युवा लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। जम्मू कश्मीर के ग्रामीण विकास मंत्री अब्दुल हक़ खान के अनुसार हिमायत कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा उन्हें विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। उन्हें इस संदर्भ में छह माह एवं नौ माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा जो उन्हें रोज़गार दिलाने में सहायक होगा।

49. कैबिनेट ने GST संविधान संशोधन विधेयक में बदलाव मंजूर किए

सरकार ने वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) संविधान संशोधन विधेयक में कुछ प्रमुख बदलावों को मंज़ूरी दे दी। विधेयक में एक प्रतिशत अंतर-राज्यीय कर को समाप्त कर सरकार ने विपक्षी दल कांग्रेस की तीन में से एक प्रमुख मांग को मान लिया है। जीएसटी लागू होने पर केन्द्र और राज्यों के बीच विवाद की सूरत में जीएसटी परिषद में मामला जायेगा और वही फैसला करेगी। राज्यों को एक प्रतिशत अतिरिक्त विनिर्माण कर लगाने संबंधी प्रावधान हटा लिया गया है।

50. लोकसभा ने बाल श्रम (निषेध एवं नियमन) संशोधन विधेयक, 2016 पारित किया

लोकसभा ने बालश्रम निषेध और विनियमन संशोधन विधेयक 2016 पारित कर दिया। संशोधित विधेयक में सभी व्यवसायों या उद्योगों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना प्रतिबंधित किया गया है। इस विधेयक में 14 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए परिवार से जुड़े व्यवसाय को छोड़कर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने पर पूर्ण रोक का प्रावधान किया गया है। यह संगठित और असंगठित क्षेत्र दोनों पर लागू होता है। बच्चे अपने स्कूल के समय के बाद पारिवारिक व्यवसाय में घर वालों की मदद कर सकते हैं। इसके अलावा 14 से 18 साल तक के किशोरों को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माने जाने वाले उद्योगों को छोड़ कर दूसरे कारोबार में कुछ शर्तों के साथ काम करने की छूट मिल जाएगी। इस आयु वर्ग के बच्चों से किसी खतरनाक उद्योग में काम नहीं कराया जाएगा।

51. रिजर्व बैंक ने यूको बैंक,इलाहाबाद बैंक और बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया जुर्माना

रिजर्व बैंक ने मनी-लांड्रिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने पर इलाहाबाद बैंक और यूको बैंक दोनों पर 2-2 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ इंडिया पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यूको बैंक ने बंबई शेयर बाजार को भेजी जानकारी के अनुसार रिजर्व बैंक ने अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) और मनी लांड्रिंग-रोधी दिशानिर्देशों के अनुपालन में कुछ खामियों के चलते बैंक पर 2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार नियामक ने केवाईसी और मनी-लांड्रिंग रोधी नियमों के अनुपालन में कुछ उल्लंघन के मामले में बैंक पर कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सार्वजनिक क्षेत्र के एक अन्य बैंक इलाहाबाद बैंक पर भी रिजर्व बैंक ने दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। तीनों बैंकों ने इस मामले में जरूरी सुरक्षात्मक उपाय और इस तरह का उल्लंघन दोबारा नहीं हो उसके लिये सुधारात्मक कदम उठा लिये हैं। रिजर्व बैंक ने इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा पर 5 करोड़ और पंजाब नेशनल बैंक प्रत्येक पर 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। केन्द्रीय बैंक ने इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक पर भी मनी-लांड्रिंग रोधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर 2 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

52. टीएम कृष्णा और बेजवाडा विल्सन वर्ष 2016 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार हेतु चयनित

भारत के दो मानवाधिकार कार्यकर्ता टीएम कृष्णा और बेजवाड़ा विल्सन वर्ष 2016 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार हेतु चयनित किये गए हैं। विल्सन, सफाई कर्मचारी आंदोलन के राष्ट्रीय नेता हैं। वे खुद एक दलित फैमिली से ताल्लुक रखते हैं। उन्हें यह अवॉर्ड छोटे तबके की जिंदगी की बेहतरी के लिए काम करने के लिए दिया गया। वहीं कृष्णा को 'क्लासिकल म्यूजिक को समाज के हर स्तर तक ले जाने के लिए' ये अवॉर्ड दिया जाएगा। इस वर्ष पुरस्कार के लिये 6 लोगों को चुना गया।

53. ईस्ट बंगाल मिल्खा सिंह को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित करेगा

देश का अग्रणी फुटबाल क्लब ईस्ट बंगाल इस साल दिग्गज ऐथलीट मिल्खा सिंह को भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित करेगा। मिल्खा सिंह क्लब के स्थापना दिवस (1 अगस्त) पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार में उन्हें दो लाख रुपये का चेक दिया जाएगा। क्लब के महान खिलाड़ियों श्याम थापा और श्यामल घोष को विशेष पुरस्कार के साथ एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

54. ओडिशा सरकार रियो ओलंपिक क्वालीफायर हेतु 60 लाख रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि देगी

ओडिशा सरकार ने रियो ओलंपिक क्वालीफायर हेतु 60 लाख रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। ओड़िशा के मुख्यमंत्री रियो ओलंपिक के लिए चुनी गई राज्य की छह खिलाडियों को 10-10 लाख रुपए की विशेष प्रोत्साहन राशि देगे। 5 अगस्त 2016 से शुरु होने वाले रियो ओलंपिक के लिए इस बार ओड़िशा की छह खिलाडियों का चयन हुआ है। इन खिलाडियों में एथलीट दुती चंद और श्रावणी नंदा के अलावा महिला हॉकी टीम की चार खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का,नमिता टोपो, लिलिमा मिंज और सुनीता लाकड़ा शामिल हैं।

55. विश्व हेपेटाइटिस दिवस 28 जुलाई को विश्व भर में मनाया गया

सम्पूर्ण विश्व में 28 जुलाई 2016 को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। वर्ष 2016 के लिए इस दिवस का विषय है - एलिमिनेशन (Elimination). यह दिवस लोगों में इस बीमारी की रोकथाम, परीक्षण और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम का उद्देश्य 2030 तक इस बीमारी की पूर्णतया रोकथाम करना है।

56. सुनील मुंजाल का हीरो मोटोकार्प से इस्तीफा

विश्व की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता, हीरो मोटोकार्प लिमिटेड ने कहा कि सुनील कांत मुंजाल कंपनी के निदेशक मंडल से इस्तीफा देंगे जबकि संयुक्त प्रबंध निदेशक के तौर पर उनका कार्यकाल पूरा होगा। हीरो मोटोकार्प के संयुक्त प्रबंध निदेशक और हीरो कार्पोरेट सर्विस के अध्यक्ष अब अपना समय और ऊर्जा स्वतंत्र तथा मुख्य कारोबार पर लगाना चाहते हैं और नए कारोबार पर ध्यान देना चाहते हैं। सुनील, ब्रजमोहन मुंजाल के सबसे छोटे बेटे हैं। ब्रजमोहन मुंजाल ने ही हीरो मोटोकार्प के प्रमुख के रूप में पवन कान्त मुंजाल को नियुक्त किया था।

57. लोकपाल और लोकायुक्त संशोधन बिल लोकसभा में पास

लोकसभा ने लोकपाल और लोकायुक्त संशोधन बिल 2016 पास कर दिया। लोकपाल और लोकायुक्त संशोधन बिल बिना किसी वार्ता के पास कर दिया गया। यह बिल स्वयंसेवी संघटन (एनजीओ), ट्रस्ट चलाने वाले लोगों, लोकसेवकों और कर्मचारियों के स्वयं तथा अपने करीबी संबंधियों की संपत्तियों की अनिवार्य रूप से घोषणा करने के लिये है।

58. कैबिनेट ने भटिंडा में नए एम्स की स्थापना को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत पंजाब के बठिंडा में एक नए एम्स की स्थापना को मंजूरी दी है। नया एम्स भटिंडा में वहां की आबादी को सुपर स्पेशेलिटी स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करवाएगा। साथ ही इस क्षेत्र में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का भी एक बड़ा समूह बनाया जाएगा जिन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के संस्थानों/इकाइयों में उपलब्ध करवाया जा सकेगा। भटिंडा में नए एम्स की स्थापना के लिए इस परियोजना की लागत 925 करोड़ रुपये होगी। उपरोक्त अनुमानित लागत में आवर्ती लागत (मजदूरी व वेतन और संचालन व रख-रखाव खर्च) शामिल नहीं है।

59. स्टॉक एक्सचेंजों में विदेशी निवेश की सीमा 5 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में विदेशी निवेश की सीमा को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने को मंजूरी दे दी है।यह नई निवेश सीमा भारतीय संस्थानों की निवेश सीमा के बराबर है। बढी हुई सीमा स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, बैंकिंग कंपनी, बीमा कंपनी, कमोडिटी डेरिवेटिव एक्सचेंज के लिए है। मंत्रिमंडल ने उस प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है जिसके तहत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को द्वितीयक बाजार के अलावा स्टॉक एक्सचेंजों में आरंभिक आवंटन के जरिये शेयर हासिल करने की अनुमति दी गई है।

60. एसबीआई ने डेबिट कार्ड लैस मनी ट्रांसफर सुविधा शुरू की

भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने एटीएमों पर एक भुगतान प्रणाली शुरू की है जो खाता धारकों के पहचानकर्ता के रूप में मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करके धन हस्तांतरण करने की सुविधा देगी। यह सुविधा इंस्टेंट मनी ट्रांसफर (आईएमटी) प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी जिसके तहत किसी भी एसबीआई खाते से 10,000 रुपये तक ट्रांसफर किये जा सकेंगे तथा प्राप्तकर्ता किसी भी आईएमटी सक्षम एटीएम से इस धन की निकासी कर सकेंगे। इंस्टेंट मनी ट्रांसफर (आईएमटी) एक यूनिक भुगतान सुविधा है जिसे ईएमपेज पेमेंट सिस्टम्स प्राईवेट लि. ने लांच किया है।

61. केंद्र सरकार ने के जे रमेश को आईएमडी का नया महानिदेशक नियुक्त किया

केंद्र सरकार ने केजे रमेश को भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) का नया महानिदेशक नियुक्त किया है। वह लक्ष्मण सिंह राठौर का स्थान लेंगे। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. राजीवन के अनुसार रमेश के नाम को नियुक्ति से संबद्ध मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। भारतीय मौसम सेवा (आईएमएस) के अधिकारी राठौर इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके कार्यकाल में मौसम विभाग ने चक्रवात ''हुदहुद' और 'फालिन' का सटीक अनुमान लगाया।

भारतीय मौसम विभाग

स्थापना: 1875

मुख्यालय: नई दिल्ली

62. मुरलीधरन समेत चार पूर्व खिलाड़ी 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल

आईसीसी ने कहा कि मुरलीधरन के अलावा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की पूर्व कप्तान कारेन रोल्टन, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर आर्थर मोरिस तथा इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जार्ज लोहमैन को इस साल के आखिर में आईसीसी हाल आफ फेम में शामिल किया जायेगा। मुरलीधरन हाल आफ फेम में शामिल होने वाले पहले श्रीलंकाई क्रिकेटर हैं। इन चारों पूर्व खिलाड़ियों को खेलों में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिये हाल आफ फेम कैप्स दी जायेगी।

63. मशहूर लेखिका महाश्वेता देवी का निधन

सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका महाश्वेती देवी का निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। मशहूर लेखिका लंबे समय से बीमार चल रही थीं, उनका कोलकाता के एक अस्पताल में दो महीने से इलाज चल रहा था। रमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित महाश्वेता देवी कई तरह की बीमारियों से जूझ रही थीं और इस महीने की शुरुआत में उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। महाश्वेता देवी को 1996 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी महत्वपूर्ण रचनाओं में झांसी की रानी, हजार चौरासी की मां, रुदाली शामिल है।

64. अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस मनाया गया

अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस 29 जुलाई 2016 के दिन बाघों के संरक्षण के लिए दुनिया भर में को प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। दिवस का लक्ष्य बाघों के प्राकृतिक निवास की रक्षा करने के लिए एक वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और बाघ संरक्षण के मुद्दों के लिए समर्थन और सार्वजनिक जागरूकता जुटाना है। 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग में बाघ शिखर सम्मेलन में इस दिवस को स्थापित किया गया था जिसका उद्देश्य 2022 तक बाघों की आबादी दोगुना करना है।

65. संयुक्त भारत-थाईलैंड सैन्य अभ्यास 'मैत्री' का समापन

भारत-थाईलैंड सैन्य अभ्यास 'मैत्री' क्राबी, थाईलैंड में 29 जुलाई 2016 को संपन्न हुआ। सैन्य अभ्यास रॉयल थाईलैंड सेना के तत्वावधान में 15 जुलाई 2016 को शुरू किया था। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य एक शहरी परिवेश में आतंकवादरोधी अभियानों के संचालन पर दोनों सेनाओं के दल को प्रशिक्षित करने के लिए था। भारतीय सेना और रॉयल थाईलैंड सेना के 90 सैनिकों ने दो सप्ताह तक अभ्यास में भाग लिया था। अभ्यास में संयुक्त प्रशिक्षण, हथियार और उपकरण के इस्तेमाल का तरीका शामिल थे।

66. बिहार उच्च न्यायालय ने छेदी पासवान की लोकसभा सदस्यता समाप्त की

बिहार हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए बिहार के सासाराम संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद छेदी पासवान की लोकसभा सदस्यता समाप्त की। पासवान पर शपथपत्र में जानकारी छिपाने का आरोप है। एक याचिका के अनुसार पासवान ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान नामांकन पत्र भरते समय दिए गये हलफनामे में अपने ऊपर लगे आपराधिक मामलों की जानकारी नहीं दी।

67. टी नंदा कुमार का डेयरी विकास बॉर्ड से इस्तीफा

टी नंदा कुमार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष (एनडीडीबी) के पद से इस्तीफा दे दिया। कुमार ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। कुमार के इस्तीफे को 27 जुलाई 2016 को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा स्वीकार कर लिया गया। कुमार का पांच साल का कार्यकाल 2019 में समाप्त हो रहा था, वह 1 अगस्त 2016 को पदमुक्त हो जायेंगे। टी नंदा कुमार बिहार कैडर के एक सेवानिवृत्त 1972 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

68. राज्य सभा ने प्रतिपूरक वनीकरण कोष विधेयक-2016 पारित किया

राज्यसभा ने प्रतिपूरक वनीकरण कोष विधेयक (कैम्पा) 2016 पारित कर दिया। यह विधेयक राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष विधेयक के साथ-साथ राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष की स्थापना करना चाहता है। इसे लोकसभा ने 3 मई 2016 को पास कर दिया था। इस विधेयक के द्वारा भारत के लोक लेखा (Public Account of India) के तहत राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष और प्रत्येक राज्य के लोक लेखा के तहत राज्य प्रतिपूरक वनीकरण कोष की स्थापना की जाएगी। इन कोषों में निम्नलिखित के लिए भुगतान मिलेंगें- क) प्रतिपूरक वनीकरण, ख) वन का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) और ग) अन्य परियोजना विशेष भुगतान।

69. केंद्रीय योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार ने 'दिशा' का गठन किया

केंद्र सरकार ने जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (DDCMC) जिसे 'दिशा' के रूप में जाना जाएगा,के गठन की घोषणा की। दिशा की पहली बैठक 13 अगस्त 2016 को आयोजित की जाएगी। दिशा कार्यक्रम केन्द्र सरकार की योजनाओं प्रभावी विकास और समन्वय के लिए बनाया गया है, चाहे वह बुनियादी ढांचे का विकास या सामाजिक और मानव संसाधन विकास हो। यह ग्रामीण विकास मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों की 28 योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर नजर रखेगा।

70. चंद्रबाबू नायडू ने मिशन हरित की शुरुआत की

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कृष्णा जिले के नुजिवीडू मंडल के अंतर्गत सुनकोल्लु गांव में पौधे लगाकर मिशन हरित आंध्र प्रदेश की शुरुआत कर दी। दिलचस्प बात यह है कि हरित आंध्र प्रदेश, दिवंगत मुख्यमंत्री वाई. एस. राजशेखर रेड्डी की एक मुख्य परियोजना थी लेकिन चंद्रबाबू नायडू ने एक नये नारे वनम-मनम (वन और हम) के साथ अब इसे एक मिशन बना दिया है। इस मिशन का उद्देश्य राज्य में 2029 तक वन क्षेत्र को 50 फीसदी तक बढ़ाना है।

71. BCCI अध्यक्ष अनुराग ठाकुर टेरिटोरियल आर्मी में बने लेफ्टिनेंट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर शामिल किया गया है।ठाकुर सैन्य बल में शामिल होने वाले पहले सेवारत भाजपा सांसद हैं।उन्हें एक परीक्षा और एक इंटरव्यू के बाद टेरिटोरियल आर्मी में शामिल किया गया है।

72. श्री ए. के . मित्तल को रेलवे बोर्ड का पुन: अध्यक्ष नियुक्त किया गया

रेलवे बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष श्री ए. के. मित्तल को रेलवे बोर्ड का पुन: अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। श्री ए. के. मित्तल को 31 दिसम्बर 2014 को रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

73. चार नए लेखकों को ज्ञानपीठ नवलेखन पुरस्कार

चार लेखकों को वर्ष 2015 के लिए भारतीय ज्ञानपीठ का 11वां नवलेखन पुरस्कार एक समारोह में प्रदान किया गया। इन लेखकों में तीन लेखक राजस्थान के हैं।पुरस्कार पाने वालों का चयन वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार मधुसूदन आनंद के नेतृत्व वाली समिति ने किया। इस समिति में जानेमाने साहित्यिक हस्तियां जैसे विष्णु नागर, गोविंद प्रसाद और ओम निश्चल शामिल थे। अमलेंदु तिवारी और बलराम कावंत उनके उपन्यास 'परित्यक्त' और 'सारा मोरिला' के लिए सम्मानित किए गए। जबकि ओम नागर और तसनीम खान को क्रमश: 'नीब के चिरे से' और 'ये मेरे रहनुमा' के लिए सम्मानित किया गया।

74. मराठी रंगमंच अभिनेता नंदू पोल का निधन

मराठी रंगमंच के प्रसिद्ध अभिनेता और 'थियेटर एकेडमी' के संस्थापक सदस्य नंदू पोल का लंबी बीमारी के बाद एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी उम्र 68 साल थी। कई नाटकों, मराठी फिल्मों और टीवी धारावाहिकों में अभिनय के लिए प्रशंसित पोल ने मराठी रंगमंच के परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके लोकप्रिय नाटकों में 'घासीराम कोतवाल', 'तिन पैशाचा तमाशा' शामिल हैं।

75. प्रसिद्ध तबला वादक लच्छू महाराज का बनारस में निधन

प्रसिद्ध तबला वादक पंडित लच्छू महाराज का वाराणसी में निधन हो गया। वह 72 साल के थे। पंडित लच्छू महाराज दुनिया में अग्रणी तबला वादकों में से एक थे। वे बनारस घराना से ताल्लुक रखते थे। उनका असली नाम लक्ष्मी नारायण सिंह था।

76. राष्ट्रपति को 'इंडियाज मोस्ट पावरफुल वूमेन' पुस्तक भेंट की गई

राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन में 'इंडियाज मोस्ट पावरफुल वूमेन' पुस्तक की एक प्रति भेंट की गई। यह पुस्तक श्रीमती प्रेम अहलुवालिया द्वारा लिखी गई है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने पुस्तक के माध्यम से समाज में महिलाओं के योगदान के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए श्रीमती अहलुवालिया को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पुस्तक की विषय-वस्तु और महिलाओं की कहानियां एक प्रगतिशील समाज के निर्माण में हर युवा मस्तिष्क को प्रेरित करेगी। उन्होंने पुस्तक को शोधार्थियों के लिए शोध और विश्लेषण का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी बताया।